परिणाम — उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से 10वीं व 12वीं के परीक्षार्थियों ने मारी बाजी

# प्रदेश की प्राविण्य सूची में सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के छात्रों का दबदबा



**नवभारत, बालाघाट।** कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा के बाद यदि किसी का इंतजार होता हैं,तो वह परीक्षा परिणाम का इंतजार होता हैं जिसे माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा आज दिनांक 15 अप्रैल 2026 को मान.मुख्यमंत्री म.प्र.शासन के मुख्य आतिथ्य में घोषित कर दिए गए। विगत वर्षों की भांति इस बार भी सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की कक्षा 10 वीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। वर्तमान सत्र में कक्षा 10 वीं के कुल दर्ज 483 विद्यार्थीयों में से 478 परीक्षार्थियों उत्तीर्ण हुए तथा 05 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। जिसमें से 123 परीक्षार्थी 90% से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कक्षा 10 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.9% रहा।

इसी क्रम में आज घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 12 वीं के कुल दर्ज 379 परीक्षार्थियों में से 362 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 17 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहें । इनमें से 176 छात्रों ने 75% तथा 27 छात्रों ने 90% अंक अर्जित कर कक्षोन्नति प्राप्त किया। इस प्रकार कक्षा बारहवीं का कुल परीक्षा परिणाम 95.05% रहा ।

इसी क्रम में जिले की प्राविण्य सूची में कक्षा बारहवीं (वाणिज्य संकाय) से कु. मिताली टेंभरे ने 478 अंक अर्जित कर 95.6% प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। सम्मान समारोह आयोजित कर इन सभी छात्र-छात्राओं के साथ पालकों तथा कक्षा शिक्षकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के फलस्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट श्री अश्विनी उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में संस्था प्राचार्य डॉ.युवराज राहंगडाले, उपप्राचार्य साजिद मोहिस खान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया । सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की । इस सफलता पर संस्था प्राचार्य ने बताया कि सभी शिक्षकों ने विगत सत्र के शुभारंभ होते ही 01 अप्रैल 2025 से परीक्षा पूर्वाभास (E&am preparation) की नियमित श्रृंखलाबद्ध तैयारी की गई। पढ़ाए गए पाठ्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से पुनरावृत्ति कर, विगत पांच सत्र के प्रश्नों को प्रत्येक विद्यार्थी से हल कराकर परीक्षा की तैय्यारी कराई गई । इसके साथ ही ज्ञरूके माध्यम से कठिन अवधारणाओं को सरलतम रुप से कक्षा में समझाया गया । नियमित कक्षा संचालन के साथ इकाई परीक्षण , अपेक्षाकृत कमज़ोर छात्र-छात्राओं के लिए अतिरिक्त समय में उपचारात्मक कक्षाएं संचालित कर विद्यार्थियों की तैयारी कराई गई । इस प्रकार शिक्षकों के निरंतर सुनियोजित प्रयास से उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर संस्था प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले एवं उपप्राचार्य साजिद मोहिस ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई प्रेषित कर धन्यवाद ज्ञापित किया व निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया हैं जिससे की भविष्य में भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से सांदीपनि विद्यालय बालाघाट गौरवान्वित होता रहें।

### प्रदेश व जिले की प्राविण्य सूची में स्थान

प्रदेश की प्राविण्य सूची में सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की कक्षा 10 वीं के परीक्षार्थियों में कु.नैना लिल्हारे-495 अंक -पांचवा स्थान, रेयांश चौरागडे-494 अंक-छटवां स्थान,अनंत पंचेश्वर व कु.अंशिका गंगभोज -493 अंक- क्रमशः सातवां स्थान,कु.यामिनी शरणागत व कु.हिमांशी कुथे-491 अंक क्रमशः -नवमा स्थान,कु.स्वेता बानते,कु.देवांशी व कु.निशा ने 490 अंक अर्जित कर क्रमशः दशवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जिले की प्राविण्य सुची में कु. कौतिका शिव व मिलिंद टांडिया-489 अंक- क्रमशः प्रथम स्थान,कु.चंचल पंचेश्वर 488 द्वितीय स्थान, कु.अक्षरा उपवंशी व कु.गेशना पंचेश्वर ने 487 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# परसवाडा विकासखंड में बाबासाहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई

**नवभारत, परसवाड़ा।** तहसील मुख्यालय परसवाड़ा के विश्राम गृह के समीप महान समाज सुधारक और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के जयंती अवसर पर 135वीं जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समलसिंह धुर्वे विशेष अतिथि जिला लघु वनोपज समिति अध्यक्ष अशोक मंडलेकर, जनपद उपाध्यक्ष कांति राहंगडाले, प्रमुख अतिथि जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे, जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। जिसके पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस दौरान छात्रों द्वारा एकल गीत, नृत्य, नाटक का मंचन किया गया। कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओ द्वारा बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के जीवन संघर्षों को दर्शाया गया। जिसमें छात्राओं ने खूब तालियां बटोरी।

वही कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर सुनाया जिसे उपस्थित जनों व छात्र छात्राओं द्वारा दोहराया गया । अपने उद्बोधन में जिला लघु वनोपज समिति अध्यक्ष अशोक मंडलेकर ने कहा कि आज बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी के जन्म जयंती के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को बधाइयां, महान समाज सुधारक के रूप में भेज देश में पैदा हुए भारत ही नहीं वरुण पूरे विश्व में अपना लोहा मानते रहे उन्होंने दलित पीड़ितों और शोषितों के लिए जो काम किया निसंदेह नील का पत्थर साबित है बरसों तक यह समाज उनका ऋणी रहेगा पूरा विश्व ऋणी रहेगा बाबा साहब अम्बेडकर को पुनः नमन । वही जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे व तामेश्वर पटेल ने बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी । वही जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे ने सभी उपस्थित जनों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर एक उच्च कोटि के शिक्षा प्राप्त भारतीय थे, जिन्होंने हमेशा शोषित पीड़ित और वंचितों के हक के लिए संघर्ष किया । उनकी शिक्षा हमें प्रेरणा देती है। इस दौरान समाज के बुजुर्ग जनों का सम्मान करते हुए शिल्ड प्रदाय किया गया । वही कार्यक्रम उपरांत बौद्ध धर्मावलंबियौ द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर रैली निकाल कर नगर भ्रमण किया।

# संदिग्ध हालत में पेड़ से लटकी मिली लाश



**नवभारत, बैहर।** बालाघाट जिले के बैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत झांगुल के मोतीटोला में 34 वर्षीय युवक प्रकाश चौरठे का शव घनी झाड़ियों में एक पेड़ से फांसी पर लटका मिला। उसके दोनों पैर बंधे हुए थे, जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

सूचना मिलने पर बैहर पुलिस ने बालाघाट से एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बैहर अस्पताल भेजा है।

मृतक की पत्नी तोमेश्वरी ने बताया कि प्रकाश मंगलवार सुबह काम पर गए थे, जिसके बाद वह घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश की, तो आज उनका शव झाड़ियों में मिला। प्रकाश के चाचा ने घटनास्थल के पास मिले गमछे और कड़े को उनका न होने का दावा करते हुए हत्या की आशंका दोहराई है। हालांकि, पुलिस को प्रथमदृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रकाश एक फार्महाउस में अगरबत्ती निर्माण और सब्जी की खेती में सुपरविजन का काम करता था। वह पानी की मोटर चलाने का काम भी देखता था। सोमवार को जब वह काम से घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आज उसका शव मिला, जिसके लगभग 50 मीटर की दूरी पर एक गमछा, कड़ा और ईयरफोन भी मिला है। घटनास्थल के आसपास घसीटे जाने के निशान भी मिले हैं, जिससे परिजनों की हत्या की आशंका और मजबूत हुई है।

# पीजी कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ . अंबेडकर जयंती



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में 14 अप्रैल 2026 को अंबेडकर जयंती के अवसर पर शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 450 विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, शिक्षा, सामाजिक सुधार एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बाबा साहेब को भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत के रूप में स्मरण करते हुए उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य डॉ. मराठे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब के आदर्श विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं और उनके विचारों को अपनाकर ही समाज में समानता एवं जागरूकता लाई जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से आत्मविकास करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन मेजर आर.एन. झारिया द्वारा किया गया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. गजानन कटरे एवं डॉ. प्रशांत डहाटे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और प्रेरणा का संदेश देने वाला साबित हुआ।

# महकेपार धान खरीदी मामले की जांच शुरू

▸ मामला धान खरीदी में भ्रष्टाचार का



**नवभारत कटंगी 15 अप्रैल।** महकेपार धान खरीदी में सन् 2018-2019,2019-2020 और 2020-2021 में धान खरीदी के दौरान भारी अनियमितता की शिकायत लम्बे समय से की जा रही थी, जिस पर कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला बालाघाट ने जांच के आदेश देने के उपरांत जांच प्रारंभ की गई है।

बहु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित महकेपार पंजीयन क्रमांक 559 में वर्ष 2018-2019, 2019-2020 एवं 2020-2021 के दौरान धान खरीदी कार्य में की गई अनियमितता की जांच कर राशि जमा करने की संस्तुति में शिकायतकर्ता संदीप सोनवाने ने कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत की थी। इसके बाद जांच के आदेश दिए गए।

**समय सीमा खत्म होने बाद भी जांच शुरू नहीं की गई थी**

बीपीएसी महकेपार में धान खरीदी कार्य के दौरान धान प्रभारियों द्वारा भारी अनियमितता किये जाने की विस्तृत जांच कर जांच प्रतिवेदन दिनांक 26 मार्च तक कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित की गई थी ताकि समयसीमा बैठक में कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा सके। किंतु, समय सीमा समाप्त होने के उपरांत भी जांच अधिकारी जांच करने नहीं पहुंचे। शिकायतकर्ता सोनवाने द्वारा पुनः शिकायत करने पर 15 अप्रैल को बालाघाट से जांच दल द्वारा महकेपार सोसायटी पहुंच कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## बालाघाट जिले में शुरू हुई गेहूं की खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष जिले में कुल 13 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 15 अप्रैल तक जिले के 38 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए स्लॉट बुक कराया है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। किसान गेहूँ विक्रय के लिए 24 अप्रैल 2026 तक स्लॉट बुक कर सकते है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है।

# स्व . हरकेश गुर्जर को वन अमले ने दी श्रद्धांजलि

### रेत माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग



नवभारत कटंगी 15 अप्रैल। रेत माफियाओं के हमले में शहीद हुए वनरक्षक स्व. हरकेश गुर्जर को वन विभाग के अमले ने शोक सभा आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, साथ ही रेत माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई। शोक सभा में वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि स्व. हरकेश गुर्जर ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। अवैध रेत उत्खनन रोकने के दौरान रेत माफियाओं ने उनकी हत्या कर दी थी।

### सख्त कार्रवाई की मांग

शोक सभा में प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि हरकेश गुर्जर की हत्या करने वाले रेत माफियाओं पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। वन कर्मियों ने कहा कि फील्ड में ड्यूटी कर रहे वनरक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है। आए दिन अवैध उत्खनन माफिया वन अमले पर हमले कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल है।

### शहीद का दर्जा देने की मांग

वन विभाग ने शासन से मांग की कि स्व. हरकेश गुर्जर को शहीद का दर्जा दिया जाए और उनके परिजनों को सभी शासकीय सहायता एवं अनुकंपा नियुक्ति तत्काल प्रदान की जाए। साथ ही वनरक्षकों को आधुनिक सुरक्षा उपकरण व हथियार उपलब्ध कराए जाएँ ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# अक्षरा ने प्रदेश की मेरिट सूची में पाया दूसरा स्थान

### पिता और भाई को खोने के बाद भी नहीं हारी हिम्मत



नवभारत कटंगी 15 अप्रैल। संघर्षों की कोख से ही सफलता का जन्म होता है, इसे चरितार्थ कर दिखाया है क्षेत्र के ग्राम टुईयापार खैरलांजी की होनहार बेटी अक्षरा घोड़ेश्वर ने। अक्षरा ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 500 में से 498 अंक अर्जित कर संपूर्ण मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

अक्षरा की यह सफलता सामान्य नहीं है। वर्ष 2020 में उनके पिता और भाई के आकस्मिक निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। सिर से पिता का साया उठने और आर्थिक तंगी के बावजूद अक्षरा ने हार नहीं मानी। उनकी माता रमाबाई घोड़ेश्वर ने विपरीत हालातों में मजदूरी व अन्य संघर्षों के जरिए न केवल घर संभाला, बल्कि अक्षरा को बेहतर शिक्षा और संस्कार दिए।

### इरादे मजबूत हों तो हर बाधा छोटी

साधारण और गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली अक्षरा ने सिद्ध कर दिया कि यदि इरादे मजबूत हों, तो आर्थिक अभाव और कठिन परिस्थितियाँ कभी सफलता की राह में रोड़ा नहीं बन सकतीं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल टुईयापार बल्कि पूरे पठार क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### पठार संघर्ष समिति ने दी बधाई

पठार संघर्ष समिति ने अक्षरा की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि अक्षरा की मेहनत और उनकी माता का त्याग पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना
द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2026 की हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए
द्वितीय परीक्षा का आयोजन

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2026 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- अंतिम तिथि 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में परीक्षा आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।

विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125331/2026